## सोनभद्र व चंदौली के विकास और काला नमक चावल के निर्यात मॉडल की भी सराहना हुई

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश की तारीफ

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने सोनभद्र और चंदौली जिले में हुए विकास कार्यों की सराहना की है। यूएनडीपी की ताजा रिपोर्ट में एक ओर जहां चंदौली में 'काला चावल' की खेती और फिर विदेशों में इसके निर्यात के मॉडल को सफल बताया गया है, वहीं आकांक्षात्मक जिला घोषित होने के बाद अलग-अलग पैमानों पर तेजी से विकास करने वाले ज़िलों में सोनभद्र के प्रदर्शन की सराहना की गई है।

## मुख्यमंत्री ने पीएम के मार्गदर्शन का आभार जताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व यूपी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश समग्र व सर्वसमावेशी विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। यूएनडीपी की रिपोर्ट में प्रदेश के सोनभद्र, चंदौली और फतेहपुर जनपद के विकास की सराहना इसकी पुष्टि करता है। रिपोर्ट ने प्रधानमंत्री के एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम की सराहना की है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार 'सबका साथ सबका विकास' सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

रिपोर्ट में इन दोनों जिलों में हुए कार्यों को स्थानीय क्षेत्र विकास के लिए बेहद सफल मॉडल बताया गया है। साथ ही कहा गया है कि जिन देशों में क्षेत्रीय भेदभाव है, उनके लिए यह मॉडल काफी उपयोगी है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि कृषि क्षेत्र में 'इनोवेशन' को बढ़ावा देने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति का चंदौली ने बेहतरीन लाभ लिया। 'काला चावल' की खेती आमतौर पर मीरजापुर जिले के नारायणपुर, जमालपुर, राजगढ़, पहाड़ी, लालगंज और हलिया जैसे ब्लॉकों में होती है, लेकिन चंदौली जिले ने वैश्विक बाजारों में काले चावल की जबरदस्त मांग और अच्छे मुनाफा मार्जिन को देखते हुए उसकी खेती के साथ प्रयोग करने का निर्णय लिया। अब ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को उच्च गुणवत्ता वाले काले चावल का निर्यात किया जाता है। रिपोर्ट में आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम के चैंपियंस ऑफ चेंज डैशबोर्ड पर प्रदान की गई डेल्टा रैंकिंग की भी सराहना की गई है।